सीयूजे : एमबीए के 16 छात्रों का प्लेसमेंट अधिकतम 10 .5 लाख रुपये का पैकेज

रांची. केंद्रीय विवि,. झारखंड (सीयूजे) के एमबीए के 16 विद्यार्थियों का टैलेंट सर्व में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है. इनमें छह विद्यार्थियों का मार्केटिंग प्रोफाइल के लिए 10.50 लाख प्रति वर्ष सीटीसी और बाकी 10 छात्रों का एचआर प्रोफाइल में 05.50 लाख सीटीसी के साथ चयन हुआ है. चयनित विद्यार्थियों में एरम फातिमा, अनुराग कश्यप, दीपांजन शाह, दिव्या कुमारी, नयन चंद्रा, निहारिका सिंह, निकिता भारती, पवन कुमार, प्रगति राज, पूर्णेंदु कुमारी, राजलक्ष्मी, रांजश्री कुमारी, साक्षी कुमारी, शालिनी, स्तुति स्वांसी और शिखा शामिल हैं. इसके अलावा इस वर्ष एमबीए स्नातक के 41 छात्रों का अन्य कंपनियों में भी अधिकतम साढ़े सात लाख रुपये के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है. इनमें एक्सिस बैंक, रिलायंस रिटेल, एचडीएफसी लाइफ, बजाज फिनसर्व, त्रिवेणी अलमारी प्राइवेट लिमिटेड, प्लैनेट स्पार्क, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड, कोरिजो, हाइक एडू, इंवेस्टोश्योर आदि कंपनियां शामिल हैं. कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं.

prabhatkhabar.com पर संबंधित खबर देखने के लिए स्कैन करें

स्वचालित लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम का हुआ उदघाटन

रांची. सीयूजे के चेरी-मनातू स्थित कैंपस में विवेकानंद सेंट्रल लाइब्रेरी में स्वचालित पुस्तकालय मैनेजमेंट सिस्टम आरंभ हो गया. शुक्रवार को इसका विधिवत उदघाटन कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने किया. इस अवसर पर कुलपति ने स्वचालन की महत्ता एवं बदलते परिवेश में पुस्तकालय में इसकी उपयोगिता पर चर्चा की. इस सिस्टम के आरंभ होने से अब विद्यार्थियों को पुस्तकालय में पुस्तकों की उपलब्धता तथा पुस्तक प्राप्त करने में आसानी हो जायेगी. उदघाटन के अवसर पर कुलसचिव, पुस्तकालयाध्यक्ष, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, सभी संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, पुस्तकालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

Restaurant &

सीयूजे के एमबीए विद्यार्थियों को 10.50 लाख का पैकेज

- 16 विद्यार्थियों को दिया गया है कैंपस प्लेसमेंट
- छह को 10.50 व शेष दस को साढ़े 5 लाख का पैकेज

रांची, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के एमबीए के छात्रों को बेहतर प्लेसमेंट मिला है। 16 को कैंपस प्लेसमेंट मिला है। इसमें 6 ने मार्केटिंग प्रोफाइल के लिए 10.50 लाख रुपये प्रति वर्ष सीटीसी और शेष 10 ने एचआर प्रोफाइल में 5.50 लाख रुपये की सीटीसी के साथ सफलता पाई है।

चयनित विद्यार्थियों में एरम फ़ातिमा, अनुराग क़श्यप, दीपांजन शाह, दिव्या कुमारी, नयन चंद्रा, निहारिका सिंह, निकिता भारती, पवन कुमार, प्रगति राज, पूर्णेंदु कुमार, राजलक्ष्मी, राजश्री कुमारी, साक्षी कुमारी, शालिनी, स्तुति स्वांसी, शिखा शामिल हैं। इस वर्ष सीयूजे में एमबीए स्नातक के विद्यार्थियों ने देश की कुछ अग्रणी कंपनियों में प्लेसमेंट पाया। इनमें सेंट गोबेन में एक छात्र, एक्सिस बैंक लिमिटेड में 2 छात्र, रिलायंस रिटेल 3 छात्र, एचडीएफसी लाइफ 1 छात्र, बजाज फिनसर्व 8 छात्र, त्रिवेणी अलमारी प्रा. लि. में 3 छात्र, प्लैनेट स्पार्क में 1 छात्र, आदित्य बिड़ला कैपिटल में 3, कोरिजो में 2, हाइक एडू में 1, इंवेस्टोश्योर में 7 छात्र शामिल हैं। एमबीए अंतिम वर्ष के 57 छात्रों में अब तक 48 प्रस्तावों के साथ पहले से ही 41 ने प्लेसमेंट पाया है।